>

Title: Regarding alleged misbehavior against noted film actor

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) : माननीय अध्यक्ष जी, पिछले दिनों हिमाचल की बेटी और ख्याति प्राप्त सीनियर अभिनेत्री कंगना रनौत जी के साथ जो व्यवहार महाराष्ट्र की शिव सेना सरकार ने किया है, मैं उसकी भर्त्सना करने की ओर इस सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । मान्यवर, इस होनहार बेटी ने बालीबुड में नशा माफियों के वर्चस्व की ओर सरकार और पुलिस का ध्यान आकर्षित कराना चाहा है । इसके बदले में उसे अशोभनीय गालियां दी गईं और उनकी अनुपस्थिति में उनका करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित ऑफिस तोड़ दिया गया ।…(व्यवधान) यहां तक कि सत्ताधारी पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र से चले जाने की धमकी भी दी है । इस बहादुर बेटी ने चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है और गत 9 तारीख को मनाली से मुंबई पहुंची ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी का आभारी हूं, जिन्होंने उनको वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर अवांछनीय तत्वों की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाया है । मैं माननीय मुख्य मंत्री श्री जयराम ठाकुर जी का भी आभारी हूं, जिन्होंने इस मुद्दे पर कंगना रनौत को पूरा सहयोग दिया है ।

माननीय अध्यक्ष जी, शिव सेना पार्टी जो वास्तव में शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने वाली पूज्य बालासाहेब ठाकरे के संरक्षण में…(व्यवधान) बढ़ने वाली सेना नहीं रही है । वह अब कांग्रेस सेना बनकर रह गई है ।…(व्यवधान) जिसने महाराष्ट्र को अपनी निजी संपत्ति बना रखा है । इस कारण कंगना रनौत जैसी मेधावी अभिनेत्री को…*…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रामस्वरूप शर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री बी. मणिक्कम टैगोर जी – उपस्थित नहीं ।

श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको बोलना है, या नहीं बोलना है ।

…(व्यवधान)